राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
<u>राजभवन, पटना–800022</u>

<u>प्रेस–विज्ञप्ति</u>

संख्या–244/2023

फिजियोथेरापिस्ट नई तकनीकों का उपयोग कर मरीजों को <u>गुणवत्तापूर्ण सेवा उपलब्ध करायें – राज्यपाल</u>

पटना, 10 सितम्बर, 2023 :– महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने 'विश्व फिजियोथेरापी दिवस' के अवसर पर गुरूनानक भवन, पटना में आयोजित कार्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि फिजियोथेरापिस्ट को नई तकनीकों को अपनाकर मरीजों को गुणवत्तापूर्ण सेवा उपलब्ध कराना चाहिए। वे योग के साथ फिजियोथेरापी को मिलाकर उन्हें बेहतर सेवा दे सकते हैं। मरीजों को महसूस होना चाहिए कि फिजियोथेरापी से उनकी तकलीफ दूर हो रही है।

राज्यपाल ने कहा कि फिजियोथेरापी का क्षेत्र बड़ा एवं मरीजों के लिए काफी लाभदायी है। उन्होंने कहा कि फिजियोथेरापिस्ट को सरकारी अथवा किसी अस्पताल में नौकरी की तलाश करने के बजाए स्वयं का क्लिनिक शुरू करने का प्रयास करना चाहिए। उन्हें स्वयं में आत्मविश्वास लाकर अपने भविष्य को सँवारने हेतु खुद आगे बढ़ना चाहिए।

राज्यपाल ने बिहार में फिजियोथेरापिस्ट की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इस राज्य में फिजियोथेरापी की स्नातकोत्तर की पढ़ाई की व्यवस्था के संबंध में गंभीरतापूर्वक विचार किया जाना चाहिए।

कार्यक्रम में बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के कुलपति डॉ० एस०एन० सिन्हा, फिजियोथेरापी के शिक्षकगण, विद्यार्थीगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....